**Booklet No.**
पुस्तिका संख्या

SAMPLE
APP(PT)-2012
27313

# QUESTION BOOKLET

# प्रश्न-पुस्तिका

## LAW

## विधि

**Booklet Series**
पुस्तिका श्रेणी

**A**

Time Allowed : 2 Hours
निर्धारित समय : 2 घण्टे

Maximum Marks : 200
अधिकतम अंक : 200

SEAL

## INSTRUCTIONS FOR CANDIDATES

1. Please do not open this Question Booklet until you are told to do so.
2. Candidate must fill up the necessary information in the space provided on the OMR Answer Sheet before commencement of the exam.
3. For marking the correct answer, darken one circle by **black or blue** ball-point pen only. Please do not mark on more than one circle. Darkening on more than one circle against an answer will be treated as wrong answer.
4. Do not detach any leaf from this Question Booklet. After the examination, hand over the OMR Answer Sheet to the Room Invigilator. You are allowed to take the Question Booklet after examination is over.
5. Each question carries 2 marks. There is no negative marking for any wrong answer.
6. Possession and use of Calculator, Mobile Phone and Pager is prohibited in the Examination Hall.
7. For any discrepancy in the translated version of any question in Hindi, the English version of the question will be valid.
8. Candidates are informed that evaluation of OMR Answer Sheet will be done by Electronic Machine. So, they should shadow the bubbles of Roll No., Booklet Series and Booklet No. properly, otherwise Machine will not be able to evaluate it. Failure to comply this instruction will be sole responsibility of the candidates.

## परीक्षार्थियों के लिए निर्देश

1. जब तक कहा न जाए तब तक इस प्रश्न-पुस्तिका को न खोलें।
2. परीक्षा शुरू करने से पहले परीक्षार्थी को ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका में आवश्यक जानकारी निर्धारित स्थान पर अवश्य भर लेनी चाहिए।
3. सही उत्तर चिह्नित करने के लिए निर्धारित एक गोले को **काले या नीले** बॉलपेन द्वारा चिह्नित करें। एक से अधिक गोलों को काला चिह्नित न करें। एक से अधिक गोले को उत्तर के रूप में चिह्नित करने पर उस उत्तर को गलत माना जाएगा।
4. इस प्रश्न-पुस्तिका में से किसी भी पन्ने को अलग न करें। परीक्षा समाप्ति के उपरान्त ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका को कक्ष-निरीक्षक को सौंप दें। आप अपना प्रश्न-पुस्तिका परीक्षा के बाद ले जा सकते हैं।
5. प्रत्येक प्रश्न 2 अंक के हैं। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
6. परीक्षा भवन में संगणक, मोबाइल फोन एवं पेजर को अपने पास रखना और उसका प्रयोग करना वर्जित है।
7. किसी भी प्रश्न के हिन्दी अनुवाद में किसी भी प्रकार की विसंगति पाए जाने पर, अंग्रेजी भाषा में दिया गया प्रश्न मान्य होगा।
8. परीक्षार्थियों को सूचित किया जाता है कि ओ० एम० आर० उत्तर-पत्रिका का मूल्यांकन वैद्युतिक मशीन द्वारा होनी है। अतः वे अपना अनुक्रमांक, पुस्तिका श्रेणी और पुस्तिका संख्या के गोलों को सही ढंग से भरें, अन्यथा मशीन उसका मूल्यांकन नहीं कर सकेगी। इस सूचना की अवमानना होने पर परीक्षार्थी इसके लिये स्वयं उत्तरदायी होंगे।

1. 'Proclamation of financial emergency' means proclamation made under

   (a) Article 352 of the Constitution

   (b) Article 356 of the Constitution

   (c) Article 360 of the Constitution

   (d) All of the above

2. Which of the following Sections of the Indian Evidence Act, 1872 deals only with civil matters?

   (a) Section 23

   (b) Section 27

   (c) Section 53

   (d) Section 133

3. What is the maximum period for which an executive magistrate may authorize the detention of an accused person in police custody?

   (a) 90 days

   (b) 60 days

   (c) 15 days

   (d) 7 days

4. Under which one of the following Sections of the Indian Penal Code the word 'Offence' has been defined?

   (a) Section 39

   (b) Section 40

   (c) Section 41

   (d) Section 42

5. Article 368 of the Constitution provides

   (a) procedure for amendment

   (b) power and procedure for amendment

   (c) power for amendment

   (d) None of the above

6. "The burden of proof in a suit or proceeding lies on that person who would fail if no evidence at all were given on either side."

   This provision is contained in which of the following Sections of the Indian Evidence Act?

   (a) Section 101

   (b) Section 111

   (c) Section 102

   (d) Section 113

7. In which of the following Sections it is declared that accused person shall be the competent witness?

   (a) Section 313 of Cr.P.C.

   (b) Section 314 of Cr.P.C.

   (c) Section 315 of Cr.P.C.

   (d) Section 316 of Cr.P.C.

8. "In every statute 'mens rea' is to be implied unless contrary is shown." This view was expressed in

   (a) Sherras vs. De-Rutzen

   (b) R vs. Dudley and Stephen

   (c) Harding vs. Price

   (d) R vs. Prince

1. 'वित्तीय आपात उद्घोषणा' का अर्थ है उद्घोषणा जो की गई है

(a) संविधान के अनुच्छेद 352 के अन्तर्गत

(b) संविधान के अनुच्छेद 356 के अन्तर्गत

(c) संविधान के अनुच्छेद 360 के अन्तर्गत

(d) उपर्युक्त सभी

2. भारतीय साक्ष्य अधिनियम, 1872 की कौन-सी धारा केवल सिविल मामलों से सम्बन्धित है?

(a) धारा 23

(b) धारा 27

(c) धारा 53

(d) धारा 133

3. वह अधिकतम अवधि क्या है जिसमें एक कार्यपालक मजिस्ट्रेट अभियुक्त व्यक्ति का पुलिस अभिरक्षा में निरोध प्राधिकृत कर सकता है?

(a) 90 दिन

(b) 60 दिन

(c) 15 दिन

(d) 7 दिन

4. भारतीय दण्ड संहिता की निम्नलिखित में से किस धारा में 'अपराध' शब्द को परिभाषित किया गया है?

(a) धारा 39

(b) धारा 40

(c) धारा 41

(d) धारा 42

5. संविधान का अनुच्छेद 368 प्रदान करता है

(a) संशोधन की प्रक्रिया

(b) संशोधन की शक्ति एवं प्रक्रिया

(c) संशोधन की शक्ति

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

6. "किसी वाद या कार्यवाही में सबूत का भार उस व्यक्ति पर होता है, जो दोनों में से किसी भी तरफ से कोई भी साक्ष्य न दिये जाने पर असफल हो जायेगा।"

यह प्रावधान भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में सन्निहित है?

(a) धारा 101

(b) धारा 111

(c) धारा 102

(d) धारा 113

7. निम्नलिखित में से किस धारा में यह घोषित किया गया है कि अभियुक्त व्यक्ति सक्षम साक्षी होगा?

(a) द० प्र० सं० की धारा 313

(b) द० प्र० सं० की धारा 314

(c) द० प्र० सं० की धारा 315

(d) द० प्र० सं० की धारा 316

8. "प्रत्येक संविधि में 'दुराशय' अन्तर्निहित माना जाता है जब तक कि इसका प्रतिकूल सिद्ध नहीं कर दिया जाता है।" यह मत किस वाद में व्यक्त किया गया था?

(a) शेराज़ बनाम डी-रुट्ज़ेन

(b) आर० बनाम डड्ले ऐन्ड स्टीफेन

(c) हार्डिंग बनाम प्राइस

(d) आर० बनाम प्रिन्स

**9.** Which of the following cases is related with 'ban on smoking in public places'?

*(a)* People's Union for Civil Liberty vs. Union of India

*(b)* Kishore Singh vs. State of Rajasthan

*(c)* Triveni Ben vs. State of Gujarat

*(d)* Murli Deora vs. Union of India

**10.** The principle that possession is prima facie proof of ownership is provided under which of the following Sections of the Indian Evidence Act?

*(a)* Section 109

*(b)* Section 111

*(c)* Section 110

*(d)* Section 112

**11.** Which of the following statements is incorrect about accomplice?

*(a)* Court may tender pardon to accomplice under the Section 306 of Cr.P.C.

*(b)* Court may tender pardon only in those offences which are punishable up to 7 years of imprisonment

*(c)* It is necessary for the court to record its reason in every case of pardon

*(d)* The object of pardoning is to obtain evidence from the accused

**12.** Nothing is an 'offence' which is done by a child under

*(a)* twelve years of age

*(b)* seven years of age

*(c)* eighteen years of age

*(d)* None of the above

**13.** Sixth Schedule of the Constitution applies to which of the following States?

*(a)* Assam, Tripura, Meghalaya, Mizoram

*(b)* Assam, Manipur, Nagaland, Tripura

*(c)* Assam, Tripura, Mizoram, Nagaland

*(d)* Assam, Meghalaya, Manipur, Nagaland

**14.** Which of the following does not find a mention as showing state of mind under Section 14 of the Evidence Act, 1872?

*(a)* Ill will

*(b)* Motive

*(c)* Good faith

*(d)* Negligence

**15.** Anticipatory bail may be granted by the

1. Supreme Court
2. High Court
3. Sessions Court
4. Chief Judicial Magistrate

*(a)* 1 and 2

*(b)* 2 and 3

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2, 3 and 4

9. निम्नलिखित में से कौन-सा वाद लोक स्थानों पर धूम्रपान पर रोक से सम्बन्धित है?

(a) पीपल्स यूनियन फॉर सिविल लिबर्टी बनाम भारत संघ

(b) किशोर सिंह बनाम राजस्थान राज्य

(c) त्रिवेनी बेन बनाम गुजरात राज्य

(d) मुरली देवड़ा बनाम भारत संघ

10. कब्ज़ा स्वामित्व का प्रथम दृष्ट्या साक्ष्य है, इस सिद्धान्त का वर्णन भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में किया गया है?

(a) धारा 109

(b) धारा 111

(c) धारा 110

(d) धारा 112

11. निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सह-अपराधी के बारे में असत्य है?

(a) द० प्र० सं० की धारा 306 के अन्तर्गत न्यायालय सह-अपराधी को क्षमादान दे सकता है

(b) न्यायालय केवल ऐसे अपराधों में क्षमा-दान दे सकता है जो 7 वर्ष तक की सजा से दण्डनीय हैं

(c) न्यायालय के लिए यह आवश्यक है कि वह क्षमादान के प्रत्येक मामले के कारण को अभिलिखित करे

(d) क्षमादान का उद्देश्य अभियुक्त व्यक्ति से साक्ष्य प्राप्त करना है

12. बच्चे के द्वारा किया गया कोई कृत्य 'अपराध' नहीं है, यदि वह बच्चा

(a) बारह वर्ष से कम आयु का है

(b) सात वर्ष से कम आयु का है

(c) अठारह वर्ष से कम आयु का है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. संविधान की छठीं अनुसूची निम्नलिखित राज्यों में से किन पर लागू होती है?

(a) असम, त्रिपुरा, मेघालय, मिजोरम

(b) असम, मणिपुर, नागालैण्ड, त्रिपुरा

(c) असम, त्रिपुरा, मिजोरम, नागालैण्ड

(d) असम, मेघालय, मणिपुर, नागालैण्ड

14. निम्नलिखित में से कौन-सा, साक्ष्य अधिनियम, 1872 की धारा 14 के अन्तर्गत, मानसिक दशा दर्शाने के रूप में वर्णित नहीं है?

(a) दुराशय

(b) हेतुक

(c) सद्भाव

(d) उपेक्षा

15. अग्रिम ज़मानत दी जा सकती है

1. उच्चतम न्यायालय द्वारा
2. उच्च न्यायालय द्वारा
3. सेशन्स न्यायालय द्वारा
4. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा

(a) 1 और 2

(b) 2 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) 2, 3 और 4

**16.** Causing death of quick unborn child

*(a)* is an offence

*(b)* is not an offence

*(c)* amounts to culpable homicide

*(d)* None of the above

**17.** Which of the following is the first case in which the Supreme Court has exercised its advisory jurisdiction?

*(a)* In re Berubari

*(b)* In re sea Custom Act

*(c)* In re Delhi Laws Act

*(d)* In re Kerala Education Bill

**18.** Legitimacy of a child born during valid marriage is presumed under which of the following provisions of the Indian Evidence Act?

*(a)* Section 115

*(b)* Section 114

*(c)* Section 112

*(d)* Section 113

**19.** Which of the following Sections is based on the doctrine of 'autrefois acquit' and 'autrefois convict'?

*(a)* Section 289 of Cr.P.C.

*(b)* Section 295 of Cr.P.C.

*(c)* Section 300 of Cr.P.C.

*(d)* Section 327 of Cr.P.C.

**20.** Right of private defence of body extends to causing assailant's death if assailant's act is of such nature that it

*(a)* causes apprehension of death

*(b)* causes apprehension of grievous hurt

*(c)* expresses intention of committing rape

*(d)* All of the above

**21.** Who may appoint ad hoc judges in the Supreme Court?

*(a)* The Chief Justice of India with previous consent of the President

*(b)* The President of India with previous consent of the Chief Justice of India

*(c)* The Chief Justice of India without consent of the President

*(d)* None of the above

**22.** "A barrister is instructed by an attorney or a vakil that an important witness is a dacoit. This is a reasonable ground for asking the witness whether he is a dacoit."

This illustration is based on which of the following Sections of the Indian Evidence Act?

*(a)* Section 149

*(b)* Section 153

*(c)* Section 147

*(d)* Section 145

**16.** सजीव अजात शिशु की मृत्यु कारित करना

(a) अपराध है

(b) अपराध नहीं है

(c) सदोष मानव-वध है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**17.** निम्नलिखित में से कौन-सा पहला वाद है जिसमें उच्चतम न्यायालय ने अपनी सलाहकारी अधिकारिता का प्रयोग किया है?

(a) इन रि बेरूबारी

(b) इन रि सी कस्टम ऐक्ट

(c) इन रि दिल्ली लॉज़ ऐक्ट

(d) इन रि केरला एजुकेशन बिल

**18.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम के किस प्रावधान के अन्तर्गत वैध विवाह के दौरान जन्मे बच्चे की औरसता को उपधारित किया गया है?

(a) धारा 115

(b) धारा 114

(c) धारा 112

(d) धारा 113

**19.** निम्नलिखित में से कौन-सी धारा 'ऑट्रीफोइस ऐक्विट' और 'ऑट्रीफोइस कन्विक्ट' के सिद्धान्त पर आधारित है?

(a) द० प्र० सं० की धारा 289

(b) द० प्र० सं० की धारा 295

(c) द० प्र० सं० की धारा 300

(d) द० प्र० सं० की धारा 327

**20.** शरीर की प्राइवेट प्रतिरक्षा का अधिकार हमलावर की मृत्यु कारित करने तक विस्तारित होता है, यदि हमलावर का कृत्य ऐसी प्रकृति का है कि वह

(a) मृत्यु की आशंका को उत्पन्न करता है

(b) घोर उपहति की आशंका को उत्पन्न करता है

(c) बलात्संग करने का आशय स्पष्ट करता है

(d) उपर्युक्त सभी

**21.** उच्चतम न्यायालय में तदर्थ न्यायाधीशों की नियुक्ति कौन कर सकता है?

(a) भारत का मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की पूर्व सहमति से

(b) भारत का राष्ट्रपति भारत के मुख्य न्यायाधीश की पूर्व सहमति से

(c) भारत का मुख्य न्यायाधीश राष्ट्रपति की सहमति बिना

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**22.** "किसी अटार्नी या वकील के द्वारा एक बैरिस्टर को यह सूचना दी जाती है कि एक महत्त्वपूर्ण साक्षी एक डकैत है। साक्षी से यह पूछे जाने का यह एक युक्तियुक्त आधार है कि क्या वह एक डकैत है।"

भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा पर यह दृष्टान्त आधारित है?

(a) धारा 149

(b) धारा 153

(c) धारा 147

(d) धारा 145

**23.** Where an accused is convicted by the Court of Sessions on the plea of guilty, then

*(a)* he cannot appeal to the High Court

*(b)* he can appeal to the High Court

*(c)* he can appeal only as to the extent of sentence

*(d)* he can appeal as to the extent or legality of sentence

**24.** *A* holds *Z* down and fraudulently takes *Z*'s money and jewels from *Z*'s clothes without *Z*'s consent. Here, *A* has committed

*(a)* theft

*(b)* robbery

*(c)* dacoity

*(d)* None of the above

**25.** What is the maximum period for appointment of additional judges in the High Court?

*(a)* One year

*(b)* Two years

*(c)* Three years

*(d)* Four years

**26.** Which of the following is a mismatch?

*(a)* Matrimonial communication —Section 122

*(b)* Official communication —Section 124

*(c)* Professional communication —Section 126

*(d)* Confidential communication with legal advisor —Section 127

**27.** Who may not be released on probation?

*(a)* A person above the age of 21 years who is convicted of an offence punishable with an imprisonment for a term of 7 years

*(b)* A person below the age of 21 years who is convicted of an offence punishable with life imprisonment

*(c)* A woman who is convicted of an offence punishable with imprisonment of 10 years

*(d)* None of the above

**28.** Criminal breach of trust is related to

*(a)* movable property only

*(b)* immovable property only

*(c)* both movable and immovable properties

*(d)* None of the above

**29.** In which of the following Articles it is written that this Constitution may be called the Constitution of India?

*(a)* Article 391 of the Indian Constitution

*(b)* Article 392 of the Indian Constitution

*(c)* Article 393 of the Indian Constitution

*(d)* Article 394 of the Indian Constitution

**23.** जहाँ सत्र-न्यायालय ने अभियुक्त व्यक्ति को दोषी होने के अभिवचन पर दोषसिद्ध किया है, तब

*(a)* वह उच्च न्यायालय में अपील कर नहीं सकता है

*(b)* वह उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है

*(c)* वह अपील केवल दण्ड के परिमाण के बारे में कर सकता है

*(d)* वह अपील दण्ड के परिमाण या वैधता के बारे में कर सकता है

**24.** *A*, *Z* को पकड़ लेता है और कपटपूर्वक उसका धन और जवाहरात उसकी सम्मति के बिना उसके कपड़ों से निकाल लेता है। *A* ने

*(a)* चोरी की है

*(b)* लूट की है

*(c)* डकैती की है

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**25.** उच्च न्यायालय में अतिरिक्त न्यायाधीशों की नियुक्ति की अधिकतम अवधि क्या है?

*(a)* एक वर्ष

*(b)* दो वर्ष

*(c)* तीन वर्ष

*(d)* चार वर्ष

**26.** निम्नलिखित में से कौन-सा सही सुमेलित नहीं है?

*(a)* वैवाहिक संसूचनाएँ—धारा 122

*(b)* शासकीय संसूचनाएँ—धारा 124

*(c)* वृत्तिक संसूचनाएँ—धारा 126

*(d)* विधिक सलाहकारों की गोपनीय संसूचनाएँ—धारा 127

**27.** परिवीक्षा पर किसे नहीं छोड़ा जा सकता?

*(a)* एक व्यक्ति जो 21 वर्ष से अधिक आयु का है और ऐसे अपराध के लिए दोषसिद्ध किया जाता है जिसकी सजा 7 वर्ष है

*(b)* एक व्यक्ति जो 21 वर्ष से कम आयु का है और ऐसे अपराध के लिए दोषसिद्ध किया जाता है जिसकी सजा आजीवन कारावास है

*(c)* एक स्त्री जो ऐसे अपराध के लिए दोषसिद्ध की जाती है जिसकी सजा 10 वर्ष है

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**28.** आपराधिक न्यास-भंग सम्बन्धित है

*(a)* केवल चल सम्पत्ति से

*(b)* केवल अचल सम्पत्ति से

*(c)* चल एवं अचल सम्पत्ति दोनों से ही

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**29.** निम्नलिखित में से किस अनुच्छेद में यह लिखा है कि यह संविधान भारत के संविधान के नाम से जाना जायेगा?

*(a)* भारतीय संविधान का अनुच्छेद 391

*(b)* भारतीय संविधान का अनुच्छेद 392

*(c)* भारतीय संविधान का अनुच्छेद 393

*(d)* भारतीय संविधान का अनुच्छेद 394

**30.** Which of the following is not included in expression 'Court' under the Indian Evidence Act?

*(a)* All judges

*(b)* All persons legally authorised to take evidence

*(c)* All magistrates

*(d)* Arbitrator

**31.** Section 357A has been added by

*(a)* Cr.P.C. (Amendment) Act, 2005

*(b)* Cr.P.C. (Amendment) Act, 2006

*(c)* Cr.P.C. (Amendment) Act, 2009

*(d)* None of the above

**32.** *A*, a police officer, tortures *Z* in order to induce *Z* to confess that he committed a crime. *A* is guilty of an offence under

*(a)* Section 330

*(b)* Section 230

*(c)* Section 360

*(d)* None of the above

**33.** Article 19 will be suspended during the proclamation of emergency only when the emergency is declared on the ground of

*(a)* war or external aggression or armed rebellion

*(b)* war or external aggression or internal disturbance

*(c)* war or armed rebellion

*(d)* war or external aggression

**34.** Which of the following Sections of the Indian Evidence Act makes the provision that there shall be no new trial on the ground of improper admission or rejection of evidence?

*(a)* Section 166

*(b)* Section 165

*(c)* Section 167

*(d)* Section 161

**35.** A magistrate of first class may impose a maximum fine of

*(a)* rupees five thousand

*(b)* rupees ten thousand

*(c)* rupees twenty thousand

*(d)* No limit

**36.** *A* incites a dog to spring upon *Z* without *Z*'s consent. Here, if *A* intends to cause injury, fear or annoyance to *Z*, *A*

*(a)* commits assault

*(b)* uses criminal force

*(c)* Both *(a)* and *(b)*

*(d)* None of the above

**30.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम में 'न्यायालय' शब्द के अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन नहीं आता?

(a) सभी न्यायाधीश

(b) साक्ष्य लेने के लिए वैध रूप से अधिकृत सभी व्यक्ति

(c) सभी मजिस्ट्रेट

(d) मध्यस्थ

**31.** धारा 357A जोड़ी गई है

(a) द० प्र० सं० (संशोधन) अधिनियम, 2005 द्वारा

(b) द० प्र० सं० (संशोधन) अधिनियम, 2006 द्वारा

(c) द० प्र० सं० (संशोधन) अधिनियम, 2009 द्वारा

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32.** *A*, एक पुलिस अफसर, *Z* को यह संस्वीकृति करने के लिए कि उसने अपराध किया है, यातना देता है। *A* किस धारा के अधीन दोषी है?

(a) धारा 330

(b) धारा 230

(c) धारा 360

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**33.** आपातकाल के दौरान अनुच्छेद 19 निलम्बित हो जायेगा केवल तब, जब ऐसे आपात की उद्घोषणा की गई हो

(a) युद्ध या बाह्य आक्रमण या सैन्य विद्रोह के आधार पर

(b) युद्ध या बाह्य आक्रमण या आन्तरिक अशान्ति के आधार पर

(c) युद्ध या सैन्य विद्रोह के आधार पर

(d) युद्ध या बाह्य आक्रमण के आधार पर

**34.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की कौन-सी धारा यह उपबंध करती है कि साक्ष्य के अनुचित ग्रहण या अग्रहण के आधार पर कोई नवीन विचारण नहीं होगा?

(a) धारा 166

(b) धारा 165

(c) धारा 167

(d) धारा 161

**35.** प्रथम-वर्ग मजिस्ट्रेट अधिकतम जुरमाना लगा सकता है

(a) पाँच हजार रुपये

(b) दस हजार रुपये

(c) बीस हजार रुपये

(d) कोई सीमा नहीं

**36.** *A*, *Z* की सम्मति के बिना एक कुत्ते को *Z* पर झपटने के लिए भड़काता है। यहाँ पर यदि *A*, *Z* को चोट, भय या क्षोभ कारित करने का आशय रखता है, तो *A*

(a) हमला करता है

(b) आपराधिक बल का प्रयोग करता है

(c) उपर्युक्त दोनों करता है

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**37.** Which of the following statements is incorrect?

- *(a)* Article 40 of the Constitution is related with organization of village panchayats
- *(b)* Article 47 of the Constitution is related with the promotion of the Scheduled Castes and Scheduled Tribes and other weaker sections
- *(c)* Article 48 of the Constitution is related with the agriculture and animal husbandry
- *(d)* Article 39A of the Constitution is related with the equal justice and free legal aid

**38.** Under Section 57(1) of the Indian Evidence Act, the court shall take judicial notice of

- *(a)* all laws in force in the territory of India
- *(b)* all laws including foreign laws
- *(c)* all Indian and Asian laws
- *(d)* all Indian and British laws up to 1950

**39.** In which of the following Sections there is a provision for Director of Prosecution?

- *(a)* Section 25A Cr.P.C.
- *(b)* Section 25B Cr.P.C.
- *(c)* Section 25C Cr.P.C.
- *(d)* None of the above

**40.** In kidnapping, consent of minor is

- *(a)* wholly immaterial
- *(b)* partly immaterial
- *(c)* wholly material
- *(d)* partly material

**41.** Who presides the joint sitting of both the Houses of the Parliament?

- *(a)* The Speaker of the Lok Sabha
- *(b)* The Chairman of the Rajya Sabha
- *(c)* The President of India
- *(d)* None of the above

**42.** Which of the following statements is incorrect regarding dumb witness?

- *(a)* A dumb witness may give his evidence by writing in open court
- *(b)* A dumb witness may give his evidence by signs in open court
- *(c)* Evidence given by a dumb witness in writing before the court shall be deemed to be documentary evidence
- *(d)* A dumb witness may give evidence in any manner which can make it intelligible

**37.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है?

*(a)* संविधान का अनुच्छेद 40 ग्राम पंचायतों के गठन से सम्बन्धित है

*(b)* संविधान का अनुच्छेद 47 अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य कमजोर वर्गों के उत्थान से सम्बन्धित है

*(c)* संविधान का अनुच्छेद 48 कृषि एवं पशुपालन से सम्बन्धित है

*(d)* संविधान का अनुच्छेद 39A समान न्याय एवं निःशुल्क विधिक सहायता से सम्बन्धित है

**38.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की धारा 57(1) के अधीन न्यायालय को न्यायिक अवेक्षा करनी होगी

*(a)* भारतीय क्षेत्र में प्रवृत्त सभी विधियों की

*(b)* सभी विधियों की, जिसमें विदेशी विधियाँ भी हैं

*(c)* सभी भारतीय और एशियाई विधियों की

*(d)* सभी भारतीय और 1950 तक की ब्रिटिश विधियों की

**39.** निम्नलिखित में से किस धारा में अभियोजन-निदेशक का प्रावधान किया गया है?

*(a)* द० प्र० सं० की धारा 25A

*(b)* द० प्र० सं० की धारा 25B

*(c)* द० प्र० सं० की धारा 25C

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**40.** व्यपहरण के मामले में अवयस्क की सम्मति

*(a)* पूर्णरूपेण महत्त्वहीन है

*(b)* आंशिक रूप से महत्त्वहीन है

*(c)* का पूर्ण महत्त्व है

*(d)* का आंशिक महत्त्व है

**41.** संसद के दोनों सदनों की संयुक्त बैठक की अध्यक्षता कौन करता है?

*(a)* लोकसभा का अध्यक्ष

*(b)* राज्यसभा का सभापति

*(c)* भारत का राष्ट्रपति

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**42.** मूक साक्षियों के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा गलत है?

*(a)* एक मूक साक्षी अपना साक्ष्य खुले न्यायालय में लिखकर दे सकता है

*(b)* एक मूक साक्षी अपना साक्ष्य खुले न्यायालय में संकेतों द्वारा दे सकता है

*(c)* एक मूक साक्षी द्वारा न्यायालय के समक्ष लिखकर दिया गया साक्ष्य दस्तावेजी साक्ष्य समझा जायेगा

*(d)* एक मूक साक्षी किसी भी ऐसे प्रकार से साक्ष्य दे सकता है जिससे वह उसे बोधगम्य बना सकता है

**43.** Which of the following statements is incorrect about security for good behaviour from habitual offender?

*(a)* Only executive magistrate can order to execute a bond

*(b)* Such bond must be with sureties

*(c)* Such bond may be without sureties

*(d)* Such bond must not be exceeding three years

**44.** Minimum number of persons required for affray under Section 159 of the IPC is

*(a)* five

*(b)* two

*(c)* four

*(d)* seven

**45.** "It shall be the duty of Union to protect every State against external aggression and internal disturbances." Which of the following Articles of the Indian Constitution provides it?

*(a)* Article 216

*(b)* Article 323

*(c)* Article 355

*(d)* Article 365

**46.** Under proviso of Section 146(3) of the Evidence Act, in a prosecution for rape in her cross-examination, the prosecutrix

*(a)* can be put questions as to her general immoral character

*(b)* can be put questions as to her general immoral character with the permission of the court

*(c)* cannot be put questions as to her general immoral character

*(d)* cannot be put questions as to her rape

**47.** Which of the following chapters of Cr.P.C. is related with the 'plea bargaining'?

*(a)* Chapter XXII A

*(b)* Chapter XXIV A

*(c)* Chapter XXV A

*(d)* Chapter XXI A

**48.** Grave and sudden provocation is

*(a)* question of fact

*(b)* question of law

*(c)* mixed question of law and fact

*(d)* presumption under law

**43.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन अभ्यासिक अपराधियों से सदाचार के लिए प्रतिभूति के बारे में असत्य है?

(a) केवल कार्यपालक मजिस्ट्रेट बन्धपत्र निष्पादित करने का आदेश दे सकता है

(b) ऐसा बन्धपत्र प्रतिभुओं सहित होना चाहिये

(c) ऐसा बन्धपत्र प्रतिभुओं रहित हो सकता है

(d) ऐसा बन्धपत्र तीन वर्ष से अधिक का नहीं होना चाहिये

**44.** भारतीय दंड संहिता की धारा 159 में 'दंगे' के अपराध के लिए व्यक्तियों की न्यूनतम संख्या

(a) पाँच है

(b) दो है

(c) चार है

(d) सात है

**45.** निम्नलिखित में से कौन-सा भारतीय संविधान का अनुच्छेद यह कहता है कि बाह्य आक्रमण और आन्तरिक अशान्ति से प्रत्येक राज्य की सुरक्षा करना संघ का कर्तव्य होगा?

(a) अनुच्छेद 216

(b) अनुच्छेद 323

(c) अनुच्छेद 355

(d) अनुच्छेद 365

**46.** साक्ष्य अधिनियम की धारा 146(3) के परन्तुक के अधीन बलात्संग के अभियोजन में अभियोक्त्री के प्रति-परीक्षण में अभियोक्त्री से

(a) उसके साधारण अनैतिक चरित्र से सम्बन्धित प्रश्न पूछे जा सकते हैं

(b) न्यायालय की अनुमति से उसके साधारण अनैतिक चरित्र के बारे में प्रश्न पूछे जा सकते हैं

(c) उसके साधारण अनैतिक चरित्र के बारे में प्रश्न नहीं पूछे जा सकते हैं

(d) उसके बलात्संग से सम्बन्धित प्रश्न नहीं पूछे जा सकते हैं

**47.** निम्नलिखित में से द० प्र० सं० का कौन-सा अध्याय 'प्ली बारगेनिंग' से सम्बन्धित है?

(a) अध्याय XXII A

(b) अध्याय XXIV A

(c) अध्याय XXV A

(d) अध्याय XXI A

**48.** गम्भीर एवं अचानक प्रकोपन है

(a) तथ्य का प्रश्न

(b) विधि का प्रश्न

(c) तथ्य एवं विधि का मिश्रित प्रश्न

(d) विधि की उपधारणा

**49.** Which of the following statements is correct?

(a) The Chief Election Commissioner may be removed on the ground of violation of the Constitution

(b) The Election Commission of India conducts the election of local bodies

(c) Other Election Commissioner cannot be removed except on the recommendation of the Chief Election Commissioner

(d) Provision for the appointment of the Election Commissioner is given in Article 325 of the Constitution

**50.** Several sets of facts, which are connected with the same transaction(s) in a particular mode, are relevant under

(a) Section 6 of the Evidence Act

(b) Section 7 of the Evidence Act

(c) Section 8 of the Evidence Act

(d) Section 9 of the Evidence Act

**51.** Which of the following is not matched?

(a) Inquiry —Section 2(g) of Cr.P.C.

(b) Noncognizable offence —Section 2(l) of Cr.P.C.

(c) Police report —Section 2(s) of Cr.P.C.

(d) Public prosecutor —Section 2(v) of Cr.P.C.

**52.** Under which of the following Sections of the IPC 'harbouring' has been defined?

(a) Section 52A

(b) Section 60

(c) Section 212

(d) All of the above

**53.** Which of the following Amendments of the Constitution is related with the reservation in private educational institutions?

(a) Ninety-first Amendment

(b) Ninety-second Amendment

(c) Ninety-third Amendment

(d) None of the above

**54.** Mode of proof of custom is contained under

(a) Section 32(4) of the Evidence Act

(b) Section 32(7) of the Evidence Act

(c) Section 48 of the Evidence Act

(d) All of the above

**55.** Any private person may arrest without warrant

(a) any person committing a cognizable and nonbailable offence in his presence

(b) any proclaimed offender

(c) Both (a) and (b)

(d) Private person cannot arrest any person without warrant

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सत्य है?

(a) मुख्य निर्वाचन आयुक्त को संविधान के अतिक्रमण के आधार पर हटाया जा सकता है

(b) भारत का निर्वाचन आयोग स्थानीय निकायों का चुनाव सम्पन्न कराता है

(c) अन्य निर्वाचन आयुक्त को बिना मुख्य निर्वाचन आयुक्त की संस्तुति के नहीं हटाया जा सकता

(d) निर्वाचन आयुक्त की नियुक्ति का प्रावधान संविधान के अनुच्छेद 325 में दिया है

**50.** अनेक प्रकार के तथ्य, जो कि एक ही मामले से किसी विशिष्ट प्रकार से सम्बन्धित हों, सुसंगत हैं

(a) साक्ष्य अधिनियम की धारा 6 के अन्तर्गत

(b) साक्ष्य अधिनियम की धारा 7 के अन्तर्गत

(c) साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 के अन्तर्गत

(d) साक्ष्य अधिनियम की धारा 9 के अन्तर्गत

**51.** निम्नलिखित में से कौन-सा सुमेलित नहीं है?

(a) जाँच—द० प्र० सं० की धारा 2(g)

(b) असंज्ञेय अपराध—द० प्र० सं० की धारा 2(l)

(c) पुलिस रिपोर्ट—द० प्र० सं० की धारा 2(s)

(d) लोक अभियोजक—द० प्र० सं० की धारा 2(v)

**52.** 'संश्रय' को भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा में परिभाषित किया गया है?

(a) धारा 52A

(b) धारा 60

(c) धारा 212

(d) उपर्युक्त सभी

**53.** निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान-संशोधन निजी शैक्षणिक संस्थाओं में आरक्षण से सम्बन्धित है?

(a) इक्यानबेवाँ संशोधन

(b) बानबेवाँ संशोधन

(c) तिरानबेवाँ संशोधन

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**54.** रूढ़ि के प्रमाण का ढंग दिया गया है

(a) साक्ष्य अधिनियम की धारा 32(4) के अन्तर्गत

(b) साक्ष्य अधिनियम की धारा 32(7) के अन्तर्गत

(c) साक्ष्य अधिनियम की धारा 48 के अन्तर्गत

(d) उपर्युक्त सभी

**55.** कोई प्राइवेट व्यक्ति बिना वारंट के गिरफ्तार कर सकता है

(a) किसी भी व्यक्ति को, जो उसकी उपस्थिति में संज्ञेय और अज़मानतीय अपराध करता है

(b) किसी उद्घोषित अपराधी को

(c) दोनों (a) और (b)

(d) प्राइवेट व्यक्ति बिना वारंट किसी व्यक्ति को गिरफ्तार नहीं कर सकता

56. *A* instigates *B* to kill *C*. *B* refuses to do so. *A* is

*(a)* guilty of abetment

*(b)* not guilty of abetment

*(c)* guilty of abetment because it does not depend upon commission of the act

*(d)* None of the above

57. In which of the following cases the Supreme Court has held that Preamble is the part of the Constitution?

*(a)* In Berubari's case

*(b)* In Golaknath's case

*(c)* In Shankari Prasad's case

*(d)* In Keshwanand Bharti's case

58. Alibi is governed by

*(a)* Section 6 of the Evidence Act

*(b)* Section 8 of the Evidence Act

*(c)* Section 12 of the Evidence Act

*(d)* Section 11 of the Evidence Act

59. *A* has been convicted by a magistrate of the first class and was sentenced with imprisonment for a term of one month. Can *A* appeal?

*(a)* No, *A* cannot appeal

*(b)* *A* can appeal to the Sessions Court

*(c)* *A* can appeal to the Chief Judicial Magistrate

*(d)* *A* can appeal to the High Court

60. *A* being *Z*'s servant and entrusted by *Z* with the care of *Z*'s plate dishonestly runs away with the plate without *Z*'s consent. For which offence *A* is liable?

*(a)* Theft

*(b)* Criminal breach of trust

*(c)* Criminal misappropriation

*(d)* None of the above

61. The definition of 'State' under Article 12 of the Constitution applies to

*(a)* Part III and Part IV of the Constitution

*(b)* only Part III of the Constitution

*(c)* only Part IV of the Constitution

*(d)* None of the above

**56.** *A*, *B* को उकसाता है *C* की हत्या के लिए। *B* हत्या करने से इन्कार कर देता है।

(*a*) *A* दुष्प्रेरण के लिए दायी है

(*b*) *A* दुष्प्रेरण के लिए दायी नहीं है

(*c*) *A* दुष्प्रेरण के लिए दायी है, क्योंकि यह कार्य होने पर निर्भर नहीं करता है

(*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**57.** निम्नलिखित में से किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने कहा कि उद्देशिका संविधान का भाग है?

(*a*) बेरूबारी के वाद में

(*b*) गोलकनाथ के वाद में

(*c*) शंकरी प्रसाद के वाद में

(*d*) केशवानंद भारती के वाद में

**58.** अन्यत्र उपस्थिति शासित की जाती है

(*a*) साक्ष्य अधिनियम की धारा 6 के द्वारा

(*b*) साक्ष्य अधिनियम की धारा 8 के द्वारा

(*c*) साक्ष्य अधिनियम की धारा 12 के द्वारा

(*d*) साक्ष्य अधिनियम की धारा 11 के द्वारा

**59.** *A* प्रथम-वर्ग मजिस्ट्रेट द्वारा दोषसिद्ध किया गया और एक माह के कारावास से दण्डित किया गया। क्या *A* अपील कर सकता है?

(*a*) नहीं, *A* अपील नहीं कर सकता

(*b*) *A* सेशन्स न्यायालय में अपील कर सकता है

(*c*) *A* मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील कर सकता है

(*d*) *A* उच्च न्यायालय में अपील कर सकता है

**60.** *A*, जो *Z* का सेवक है और जिसे *Z* ने अपनी प्लेट की देख-रेख न्यस्त कर दी है, *Z* की सम्मति के बिना प्लेट को लेकर बेईमानी से भाग गया। *A* कौन-सा अपराध कारित करने का दोषी है?

(*a*) चोरी

(*b*) आपराधिक न्यास-भंग

(*c*) आपराधिक दुर्विनियोग

(*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**61.** संविधान के अनुच्छेद 12 में दी गई 'राज्य' की परिभाषा लागू होती है

(*a*) संविधान के भाग III एवं भाग IV पर

(*b*) संविधान के केवल भाग III पर

(*c*) संविधान के केवल भाग IV पर

(*d*) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**62.** Opinions of experts are relevant under which of the following Sections of the Indian Evidence Act?

(a) Section 45

(b) Section 46

(c) Section 47

(d) Section 48

**63.** The most essential ingredient of the 'complaint' is

(a) an allegation of wrongful act

(b) an allegation of a breach of right

(c) an allegation of some physical injury

(d) an allegation of an offence with a view to take action

**64.** A married woman commits the offence of adultery if she has sexual intercourse with a/an

(a) married man except her husband

(b) unmarried man

(c) married man without his consent

(d) None of the above

**65.** In which case the Supreme Court has held that the maximum limit of reservation cannot exceed 50 percent?

(a) Devadasan vs. Union of India

(b) Indra Sahney vs. Union of India

(c) Balaji vs. State of Mysore

(d) Pradeep Jain vs. Union of India

**66.** A document required by law to be attested can be proved under Section 68 of the Evidence Act only

(a) by calling both the attesting witnesses

(b) by calling at least one of the attesting witnesses

(c) by calling none of the attesting witnesses but by calling some other person who has the knowledge of the contents

(d) All of the above

**67.** A police officer has reasonable suspicion that *K* is involved in a murder case. He may

(a) inform the superintendent of police

(b) inform the magistrate of that area

(c) arrest *K* without warrant

(d) obtain warrant from the magistrate

**68.** *A* cuts down a tree on *Z*'s ground with the intention of dishonestly taking the tree out of *Z*'s possession without *Z*'s consent. For which offence *A* is liable?

(a) Theft

(b) Mischief

(c) Breach of trust

(d) None of the above

62. भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अधीन विशेषज्ञों द्वारा दी गई राय सुसंगत है?

*(a)* धारा 45

*(b)* धारा 46

*(c)* धारा 47

*(d)* धारा 48

63. 'परिवाद' का सबसे आवश्यक तत्व है

*(a)* गलत कार्य होने का अभिकथन

*(b)* अधिकार के हनन का अभिकथन

*(c)* किसी शारीरिक चोट का अभिकथन

*(d)* किसी अपराध के कारित होने का अभिकथन, जिस पर कार्यवाही अपेक्षित है

64. कोई विवाहित महिला जारता का अपराध करती है, यदि वह मैथुन करती है

*(a)* अपने पति के अतिरिक्त किसी अन्य विवाहित पुरुष के साथ

*(b)* अविवाहित पुरुष के साथ

*(c)* विवाहित पुरुष के साथ उसकी सम्मति के बिना

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

65. किस वाद में उच्चतम न्यायालय ने अभिनिर्धारित किया कि आरक्षण की अधिकतम सीमा 50 प्रतिशत से अधिक नहीं हो सकती है?

*(a)* देवदासन बनाम भारत संघ

*(b)* इन्द्रा साहनी बनाम भारत संघ

*(c)* बालाजी बनाम मैसूर राज्य

*(d)* प्रदीप जैन बनाम भारत संघ

66. एक दस्तावेज, जिसका प्रमाणित होना विधि द्वारा अनिवार्य है, प्रमाणित किया जा सकता है साक्ष्य अधिनियम की धारा 68 के अन्तर्गत केवल

*(a)* दोनों प्रमाणित करने वाले साक्षियों को बुलाकर

*(b)* दोनों में से कम-से-कम एक प्रमाणित करने वाले साक्षी को बुलाकर

*(c)* किसी भी प्रमाणित करने वाले साक्षी को न बुलाकर बल्कि किसी अन्य व्यक्ति को बुलाकर जिसको दस्तावेज का ज्ञान हो

*(d)* उपर्युक्त सभी

67. एक पुलिस अफसर को युक्तियुक्त संदेह है कि $K$ एक हत्या से सम्बद्ध है। वह कर सकता है

*(a)* सुपरिन्टेन्डेन्ट ऑफ पुलिस को सूचित

*(b)* उस क्षेत्र के मजिस्ट्रेट को सूचित

*(c)* $K$ को बिना वारंट के गिरफ्तार

*(d)* मजिस्ट्रेट से वारंट प्राप्ति

68. $A$, $Z$ की सम्मति के बिना उसके कब्ज़े में से एक वृक्ष बेईमानी से लेने के आशय से $Z$ की भूमि पर लगे वृक्ष को काट डालता है। $A$ किस अपराध के लिए दायी है?

*(a)* चोरी

*(b)* रिष्टि

*(c)* न्यास-भंग

*(d)* उपर्युक्त में से कोई नहीं

**69.** Which of the following Fundamental Duties has been added by the 86th Amendment of the Constitution?

*(a)* Duty to develop scientific temper

*(b)* Duty to safeguard public property

*(c)* Duty to defend the country and render national service when called upon to do so

*(d)* Duty of parent to provide opportunity for education to his child

**70.** Admissibility of electronic records has been prescribed under which of the following Sections of the Indian Evidence Act?

*(a)* Section 65

*(b)* Section 65A

*(c)* Section 65B

*(d)* Section 66

**71.** A Sessions Judge awards a simple imprisonment of one month only in a case of simple hurt. The judge

*(a)* acted within his power

*(b)* has committed illegal act

*(c)* could not have tried the case

*(d)* None of the above

**72.** *Z* dies in possession of furniture and money. His servant *A*, before the money comes into the possession of any such person who is entitled to, dishonestly misappropriates it. *A* has committed offence under which of the following Sections of the IPC?

*(a)* Section 403

*(b)* Section 404

*(c)* Section 405

*(d)* Section 406

**73.** A resolution for the impeachment of the President must be passed by

*(a)* majority of the total strength of the House and two-third of the present and voting members

*(b)* two-third of the present and voting members in the House

*(c)* two-third of the total membership of the House

*(d)* majority of the total membership of the House

**74.** Public documents are mentioned under which of the following Sections of the Indian Evidence Act?

*(a)* Section 72

*(b)* Section 73

*(c)* Section 74

*(d)* Section 75

**69.** निम्नलिखित में से कौन-सा मूल कर्तव्य 86वें संविधान संशोधन द्वारा जोड़ा गया है?

(a) वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का कर्तव्य

(b) लोक सम्पत्ति की रक्षा करने का कर्तव्य

(c) देश की रक्षा करने और जब आवश्यकता पड़े, तो राष्ट्रीय सेवा अर्पित करने का कर्तव्य

(d) अभिभावकों का अपने बच्चों के लिए शिक्षा का अवसर प्रदान करने का कर्तव्य

**70.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा के अन्तर्गत इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों की ग्राह्यता दी गई है?

(a) धारा 65

(b) धारा 65A

(c) धारा 65B

(d) धारा 66

**71.** साधारण चोट पहुँचाने के एक मुकदमे में सेशन्स जज ने एक अभियुक्त को केवल एक मास के साधारण कारावास से दण्डित किया है। जज

(a) ने अपनी शक्तियों की सीमा में कार्य किया है

(b) ने अविधिक कार्य किया है

(c) मुकदमे का परीक्षण नहीं कर सकता था

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**72.** *Z* के कब्ज़े में फर्नीचर और धन था, वह मर जाता है। उसका सेवक *A* उस धन के किसी ऐसे व्यक्ति के कब्ज़े में आने से पूर्व, जो ऐसे कब्ज़े का हकदार है, बेईमानी से उसका दुर्विनियोग करता है। *A* ने भारतीय दण्ड संहिता की किस धारा के अन्तर्गत अपराध किया है?

(a) धारा 403

(b) धारा 404

(c) धारा 405

(d) धारा 406

**73.** राष्ट्रपति पर महाभियोग लगाने वाला संकल्प जरूर पास होना चाहिए

(a) सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत और उपस्थित तथा मतदान करने वालों के दो-तिहाई मत द्वारा

(b) सदन में उपस्थित तथा मतदान करने वालों के दो-तिहाई मत द्वारा

(c) सदन की कुल सदस्य संख्या के दो-तिहाई मत द्वारा

(d) सदन की कुल सदस्य संख्या के बहुमत द्वारा

**74.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में सार्वजनिक दस्तावेजों का उल्लेख है?

(a) धारा 72

(b) धारा 73

(c) धारा 74

(d) धारा 75

**75.** Maintenance once awarded by the court can also be cancelled subsequently on the ground that

(a) the husband cannot spare money any more

(b) both are living separately with mutual consent

(c) the husband is ready to keep her with him along with his another wife

(d) It cannot be cancelled at all

**76.** *A*, a soldier, fires on a mob by the order of his superior officer in conformity with the commands of law. Here, *A* has

(a) committed an offence

(b) committed no offence

(c) committed murder

(d) None of the above

**77.** The Vice President shall be elected by

(a) total members of both the Houses of the Parliament

(b) elected members of both the Houses of the Parliament

(c) total members of the Rajya Sabha

(d) elected members of the Rajya Sabha

**78.** Oral evidence of fact invalidating the document is admissible under

(a) Proviso 1 to Section 92 of the Evidence Act

(b) Proviso 2 to Section 92 of the Evidence Act

(c) Proviso 4 to Section 92 of the Evidence Act

(d) Proviso 6 to Section 92 of the Evidence Act

**79.** If in a trial of a warrant case, the magistrate finds the accused not guilty, he shall

(a) discharge him

(b) acquit him

(c) convict him

(d) rehear the case

**80.** Adultery is not an offence if the intercourse is made with the

(a) consent of the parties

(b) consent of the woman

(c) consent of the wife

(d) consent of the husband

**81.** Which of the following statements is incorrect about the Attorney-General of India?

(a) He must be qualified to be a judge of the Supreme Court

(b) He may be removed from his office in the same manner and on the same ground as of the Supreme Court judge

(c) His duty is to give advice to the Government of India

(d) He may sit in the Parliament even not being a member of it

**82.** The burden of proof regarding continuance of life for thirty years is contained in

(a) Section 106 of the Evidence Act

(b) Section 107 of the Evidence Act

(c) Section 108 of the Evidence Act

(d) Section 109 of the Evidence Act

**75.** न्यायालय द्वारा एक बार भरण-पोषण का आदेश देने के उपरान्त उसे निम्न आधार पर रद्द भी किया जा सकता है

(a) पति अब और पैसा नहीं दे सकता

(b) दोनों लोग आपसी सहमति से अलग-अलग रह रहे हैं

(c) पति, अपनी एक अन्य पत्नी के साथ, उसे भी रखने को तैयार है

(d) बिलकुल रद्द नहीं किया जा सकता

**76.** विधि के समादेशों के अनुवर्तन में अपने वरिष्ठ अफसर के आदेश से $A$, एक सैनिक, भीड़ पर गोली चलाता है। यहाँ $A$ ने

(a) अपराध कारित किया

(b) कोई अपराध नहीं किया

(c) हत्या की

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**77.** उपराष्ट्रपति का चुनाव होता है

(a) संसद के दोनों सदनों के कुल सदस्यों द्वारा

(b) संसद के दोनों सदनों के निर्वाचित सदस्यों द्वारा

(c) राज्यसभा के कुल सदस्यों द्वारा

(d) राज्यसभा के निर्वाचित सदस्यों द्वारा

**78.** दस्तावेज को अवैध कर देने वाले तथ्य का मौखिक साक्ष्य ग्राहित है

(a) साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 के परन्तुक 1 के अधीन

(b) साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 के परन्तुक 2 के अधीन

(c) साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 के परन्तुक 4 के अधीन

(d) साक्ष्य अधिनियम की धारा 92 के परन्तुक 6 के अधीन

**79.** यदि वारंट मामले के विचारण में मजिस्ट्रेट अभियुक्त को दोषी नहीं पाता है, तो वह

(a) उसे उन्मोचित कर देगा

(b) उसे दोषमुक्त कर देगा

(c) उसे दोषसिद्ध कर देगा

(d) मामले को पुनः सुनेगा

**80.** जारता अपराध नहीं है, यदि मैथुन में सहमति है

(a) पक्षकारों की

(b) स्त्री की

(c) पत्नी की

(d) पति की

**81.** निम्नलिखित में से कौन-सा कथन भारत के महान्यायवादी के बारे में असत्य है?

(a) उसे सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश होने की योग्यता धारित करनी चाहिए

(b) उसे उन्हीं तरीकों और उन्हीं आधारों पर पद से हटाया जा सकता है जिन पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश को हटाया जाता है

(c) उसका कार्य भारत सरकार को सलाह देना है

(d) वह संसद में बिना उसका सदस्य हुए भी बैठ सकता है

**82.** तीस वर्षों तक जीवन के जारी रहने के अंतर्गत प्रमाण का भार दिया गया है

(a) साक्ष्य अधिनियम की धारा 106 में

(b) साक्ष्य अधिनियम की धारा 107 में

(c) साक्ष्य अधिनियम की धारा 108 में

(d) साक्ष्य अधिनियम की धारा 109 में

**83.** Date for the prosecution evidence in the Sessions Trial shall be fixed by the Sessions Judge if the accused

*(a)* refuses to plead guilty

*(b)* claims for trial

*(c)* has not been convicted on plea of guilty

*(d)* All of the above

**84.** The maxim 'de minimis non curat lex' means

*(a)* law would not take action on small and trifling matter

*(b)* law does not ignore any act which causes the slightest harm

*(c)* law would not take action in serious matters

*(d)* All of the above

**85.** How many members from Anglo-Indian community can be nominated by the Governor in the State Legislative Assembly?

*(a)* One

*(b)* Two

*(c)* Three

*(d)* Governor cannot nominate any member of Anglo-Indian community in the State Legislative Assembly

**86.** During which of the following, leading questions can be asked?

*(a)* Examination-in-chief

*(b)* Cross-examination

*(c)* Reexamination

*(d)* All of the above

**87.** The Code of Criminal Procedure, 1973 had come into force on

*(a)* 1st April, 1974

*(b)* 15th April, 1974

*(c)* 1st September, 1974

*(d)* 15th September, 1974

**88.** In which of the following years was the criminal conspiracy incorporated in the Indian Penal Code?

*(a)* 1870

*(b)* 1913

*(c)* 1923

*(d)* None of the above

**89.** Which of the following Articles of the Constitution provides for the establishment of inter-State Council?

*(a)* Article 261

*(b)* Article 262

*(c)* Article 263

*(d)* Article 264

**90.** Which of the following Sections of the Indian Evidence Act was amended by the Criminal Law (Amendment) Act, 2006?

*(a)* Section 154

*(b)* Section 118

*(c)* Section 32

*(d)* Section 90A

**83.** सेशन्स विचारण में अभियोजन के साक्ष्य के लिए तारीख सेशन्स जज द्वारा तब निर्धारित की जाती है, जब अभियुक्त

(a) दोषी होने के अभिवाक् से इनकार कर देता है

(b) विचारण किये जाने का दावा करता है

(c) दोषी होने के अभिवाक् पर दोषसिद्ध नहीं किया जाता है

(d) उपर्युक्त सभी

**84.** मैक्सिम 'डी मिनिमिस नॉन क्यूरेट लेक्स' का तात्पर्य है

(a) विधि तुच्छ एवं महत्त्वहीन मामले में कार्यवाही नहीं करेगी

(b) विधि किसी भी ऐसे कार्य की उपेक्षा नहीं करेगी, जिससे छोटी-से-छोटी अपहानि होती हो

(c) विधि गम्भीर मामलों में कार्यवाही नहीं करेगी

(d) उपर्युक्त सभी

**85.** आंग्ल-भारतीय समुदाय के कितने सदस्य राज्यपाल द्वारा राज्य की विधानसभा में नामित किये जा सकते हैं?

(a) एक

(b) दो

(c) तीन

(d) राज्यपाल आंग्ल-भारतीय समुदाय के किसी भी सदस्य को राज्य की विधानसभा में नामित नहीं कर सकता

**86.** निम्नलिखित में से किसके दौरान सूचक प्रश्न पूछे जा सकते हैं?

(a) मुख्य-परीक्षा

(b) प्रति-परीक्षा

(c) पुनःपरीक्षा

(d) उपर्युक्त सभी

**87.** दण्ड प्रक्रिया संहिता, 1973 लागू हुई

(a) 1 अप्रैल, 1974 को

(b) 15 अप्रैल, 1974 को

(c) 1 सितम्बर, 1974 को

(d) 15 सितम्बर, 1974 को

**88.** निम्नलिखित में से किस वर्ष में भारतीय दण्ड संहिता में आपराधिक षड्यन्त्र को सम्मिलित किया गया?

(a) 1870 में

(b) 1913 में

(c) 1923 में

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**89.** निम्नलिखित में से कौन-सा संविधान अनुच्छेद अन्तर्राज्य परिषद् की स्थापना का प्रावधान करता है?

(a) अनुच्छेद 261

(b) अनुच्छेद 262

(c) अनुच्छेद 263

(d) अनुच्छेद 264

**90.** भारतीय साक्ष्य अधिनियम की किस धारा में आपराधिक विधि (संशोधन) अधिनियम, 2006 के द्वारा संशोधन किया गया?

(a) धारा 154

(b) धारा 118

(c) धारा 32

(d) धारा 90A

**91.** The power of revision can be exercised by
(a) the High Court
(b) the Sessions Judge
(c) the Additional Sessions Judge, if the case has been transferred to him by the Sessions Judge
(d) All of the above

**92.** Which one of the following is an inchoate offence?
(a) Public nuisance
(b) Criminal attempt
(c) Unlawful assembly
(d) Riot

**93.** By which of the following Amendments of the Constitution, Service Tax has been added?
(a) 83rd Amendment
(b) 84th Amendment
(c) 87th Amendment
(d) 88th Amendment

**94.** An accomplice is a competent witness under
(a) Section 118 of the Evidence Act
(b) Section 119 of the Evidence Act
(c) Section 133 of the Evidence Act
(d) Section 132 of the Evidence Act

**95.** Inquiry is conducted by
(a) a magistrate only
(b) a police officer
(c) a judge
(d) a magistrate or a court

**96.** Under the IPC, power of commutation of sentence of death is vested in
(a) the President of India
(b) the Governor of State
(c) the appropriate government
(d) All of the above

**97.** All-India Services is created by
(a) the Rajya Sabha
(b) the Lok Sabha
(c) both the Houses of the Parliament
(d) the Union Public Service Commission

**98.** The doctrine of estoppel is a
(a) substantive law
(b) rule of equity
(c) rule of evidence
(d) law of pleadings

**99.** If a divorced woman claims maintenance from her husband
(a) she will succeed, if she is not a Muslim
(b) she will succeed even if she is a Muslim
(c) she will not succeed at all
(d) the husband is not bound to maintain her now

**100.** Chapter XVII of the IPC deals with what offences?
(a) Against property
(b) Against human body
(c) Against women
(d) None of the above

**91.** पुनरीक्षण की शक्ति का प्रयोग किया जा सकता है

(a) उच्च न्यायालय द्वारा

(b) सेशन्स न्यायाधीश द्वारा

(c) अपर सेशन्स न्यायाधीश द्वारा, यदि उसे सेशन्स न्यायाधीश द्वारा उस मामले का अंतरण किया गया हो

(d) उपर्युक्त सभी

**92.** निम्नलिखित में से कौन-सा 'इन्कोएट ऑफेन्स' है?

(a) लोक उपताप

(b) आपराधिक प्रयत्न

(c) विधि-विरुद्ध जमाव

(d) बलवा

**93.** किस संविधान संशोधन द्वारा सेवा-कर जोड़ा गया है?

(a) 83वाँ संशोधन

(b) 84वाँ संशोधन

(c) 87वाँ संशोधन

(d) 88वाँ संशोधन

**94.** सह-अपराधी एक सक्षम साक्षी है

(a) साक्ष्य अधिनियम की धारा 118 के अन्तर्गत

(b) साक्ष्य अधिनियम की धारा 119 के अन्तर्गत

(c) साक्ष्य अधिनियम की धारा 133 के अन्तर्गत

(d) साक्ष्य अधिनियम की धारा 132 के अन्तर्गत

**95.** जाँच की जाती है

(a) केवल मजिस्ट्रेट द्वारा

(b) पुलिस अधिकारी द्वारा

(c) जज द्वारा

(d) मजिस्ट्रेट या न्यायालय द्वारा

**96.** मृत्युदण्डादेश के लघुकरण की शक्ति भारतीय दण्ड संहिता के अधीन निहित है

(a) भारत के राष्ट्रपति में

(b) राज्य के राज्यपाल में

(c) समुचित सरकार में

(d) उपर्युक्त सभी में

**97.** अखिल भारतीय सेवा का सृजन किया जाता है

(a) राज्यसभा द्वारा

(b) लोकसभा द्वारा

(c) संसद के दोनों सदनों द्वारा

(d) संघ लोक सेवा आयोग द्वारा

**98.** विबंधन का सिद्धान्त है एक

(a) मौलिक विधि

(b) साम्या का नियम

(c) साक्ष्य का नियम

(d) अभिवचनों की विधि

**99.** एक तलाकशुदा औरत ने अपने पूर्व पति के विरुद्ध भरण-पोषण के लिए आवेदन किया

(a) यदि पत्नी मुसलमान नहीं है, तो सफलता मिलेगी

(b) यदि वह मुसलमान है, तो भी सफलता मिलेगी

(c) उसे सफलता कतई नहीं मिलेगी

(d) पति अब उसके भरण-पोषण के लिए बाध्य नहीं है

**100.** भारतीय दण्ड संहिता का अध्याय XVII किन अपराधों की चर्चा करता है?

(a) सम्पत्ति के विरुद्ध अपराध

(b) मानव शरीर के विरुद्ध अपराध

(c) महिलाओं के विरुद्ध अपराध

(d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

## SPACE FOR ROUGH WORK

## SPACE FOR ROUGH WORK

★★★

SEAL